हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री से.
न्यूनतम 18.0 डिग्री से.

10 माता के दर्शन कर परिवार की सुख समृद्धि और....



10 पुरानी शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाएं



खबर संक्षेप

कोर्ट कर्मी के खाते से उडाए साढ़े पचास हजार

जींद। कोर्ट कर्मी के बैंक खाते से पचास हजार 353 रुपये गायब होने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राम कालोनी निवासी राजीव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कोर्ट में डयूटीरत है। उसकी पीएनबी बैंक में खाता है। जिसके साथ उसका मोबाइल नंबर जुड़ा हुआ है। गत 28 सितंबर को उसके फोन पर 353 रुपये कटने का संदेश आया। जिसमें फोन पे से किसी का मोबाइल रिचार्ज किया गया था।

दुकान का ताला तोड़कर उपकरण चुराए, केस दर्ज

जींद। गांव ईंटल कलां में बीती रात चोरों ने डीजे दुकान का ताला तोड़ कर कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव ईंटल कंला निवासी गोबिंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव में डीजे की दुकान है। बीती रात ताला तोड़ कर आठ एम्फलीफायर व अन्य सामान को चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब वह दुकान पर पहुचा।

मां ने बेटे के खिलाफ दर्ज कराया चोरी का मामला

जींद। विश्वकर्मा कालोनी में घर से सोने की अंगूठी गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने मां की शिकायत पर बेटे के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
विश्वकर्मा कालोनी निवासी पम्मी देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति बीईईओ कार्यालय में रात का चौकीदार है। उसने बेटी के लिए सोने की अंगूठी बनवा कर अलमारी में रखी हुई थी। गत दिवस उसने अंगूठी को संभला तो वह गायब मिली। पम्मी ने आरोप लगाया कि उसका बेटा सुखविंद्र अंगूठी को चोरी कर ले गया है।

सात लाख की नकदी के साथ युवती लापता

जींद। जुलाना थाना इलाका गांव से युवती के सात लाख रुपये की नगदी तथा दस्तावेजों समेत संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
जुलाना थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार को सुबह उसकी 23 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

गल्ले से 9 हजार रुपये और टुल्लू पंप चोरी

कैथल। सीवन क्षेत्र के गांव खरकड़ा में पीर के थान में रखे दानपात्र से करीब 9 हजार रुपये और एक ठेकेदार का टुल्लू पंप चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता अमरीक सिंह ने चोरी का आरोप सीवन निवासी राजू और संजय पर लगाया है। गांव खरकड़ा निवासी अमरीक सिंह ने सीवन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह समर्सिबल मोटरों की मरम्मत का काम करता है और उसके घर के पास स्थित पीर के थान की देखरेख भी करता है। थान में श्रद्धालुओं की ओर से दान देने के लिए एक गल्ला रखा हुआ है।

जमीनी विवाद में एक घायल, 12 नामजद

कैथल। कैथल में करनाल रोड स्थित शुगर मिल कॉलोनी में हुए जमीनी विवाद में करीब एक दर्जन व्यक्तियों ने ईंट व लातों से हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सिविल लाइन थाना कैथल को दी शिकायत में कैथल के सेक्टर 20 निवासी देवेंद्र पाल ने सिविल लाइन थाना में दी शिकायत में बताया कि उसने करीब 30 साल पहले शुगर मिल कॉलोनी में एक प्लाट लिया था, जिनकी रजिस्ट्री भी उसके पास मौजूद है, वह तभी से खाली पड़ा है।

ईश्वर नैन का असामयिक निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति : कैप्टन अभिमन्यु

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व वित्तमंत्री ने सर्वजातीय बिनैन खाप के पूर्व प्रधान नफे सिंह नैन के सुपुत्र के निधन पर शोक जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने आज गांव दनौदा (नरवाना) पहुंचकर सर्वजातीय बिनैन खाप के पूर्व प्रधान स्वर्गीय चौधरी नफे सिंह नैन के सुपुत्र ईश्वर नैन के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत के निवास स्थान पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि ईश्वर नैन जी का असामयिक निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से सामाजिक क्षेत्र में गहरी रिक्तता आई है। उन्होंने परमपिता परमात्मा से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में दुःख सहन करने की शक्ति एवं धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।





नरवाना। शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो :हरिभूमि

परमपिता परमात्मा से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोक संतप्त परिवार को कठिन समय में दुःख सहन करने की शक्ति एवं धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की

ये रहे मौजूद

इस मौके पर उनके साथ हिसार जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा, बारीश डाटा, सुनील नैन, वीरेंद्र सिंधु, नारनौंद मंडल अध्यक्ष कर्णपाल दुहन, सच्चा खेड़ा के प्रधान सतबीर नैन, सरपंच सच्चा खेडा डॉ. शिशपाल, अनिल नैन (दनौदा), डॉ. पुरुषोत्तम, संदीप सिंधु, बलजीत नैन विकास नैन प्रविन श्योंकद जगमेंद्र सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

आरोप: मिलीभगत के चलते मंडियों में किसानों को जमकर लूटा जा रहा

किसानों ने मार्केट कमेटी कार्यालय के गेट पर जड़ा ताला, नारेबाजी की

दो दिन का अल्टीमेटम; समाधान नहीं तो पंचमुखी चौक पर चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट के नेतृत्व में सोमवार को ढाड अनाज मंडी में धान की सुचारू खरीद न होने, उठान में देरी और किसानों की फसल के कम दाम लगाए जाने के विरोध में किसानों ने मार्कीट कमेटी कार्यालय के गेट पर ताला लगा दिया और जमकर नारेबाजी कर रोष जताया। किसान नेता विक्रम कसाना एडवोकेट ने प्रशासन को दो दिन का समय देते स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में धान की खरीद, उठान और मंडी से बाहर पड़ी फसल की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसान पंचमुखी चौक, पर ट्रॉलियां रोककर धान डालेंगे और चक्का जाम करने के लिए मजबूर होंगे। इसके साथ खरीद एजैंसियों के अधिकारियों के साथ मंडी कमेटी कर्मचारी साथ नहीं होंगे तो उनका कड़ा विरोध किया जाएगा, क्योंकि एजैंसी अधिकारी मंडी में आने की बजाए मिलरों के प्रतिष्ठान पर ही बैठकर धान खरीद रजिस्टरों में कर रहे है। किसानों ने आरोप लगाया कि राइस मिलरों और खरीद एजेंसियों की कथित मिलीभगत के चलते मंडियों में किसानों को जमकर लूटा जा रहा है। 17 प्रतिशत नमी वाली धान को भी लगभग 2200 रुपए प्रति क्विंटल तक खरीदने के आरोप लगाते हुए किसानों ने रोष जताया। प्रदर्शनकारी किसानों को संबोधित करते हुए किसान नेता विक्रम कसाना एडवोकेट ने कहा कि धान की फसल लेकर किसान कई दिनों से मंडियों में बैठे हैं, लेकिन खरीद और उठान की व्यवस्था सुचारू नहीं हो रही। मंडी से बाहर सडक़ों पर पड़ी धान की फसल को भी पिछले करीब 15 दिनों से खरीद का इंतजार है। हालात यह हैं कि किसान अपनी फसल की रखवाली करने और उसे खराब होने से बचाने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन किसानों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन्हें मंडियों में परेशान होने के लिए छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि धान की खरीद में कथित अनियमितताओं और किसानों को उचित मूल्य नहीं मिलने के मामले की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। मंडियों में खरीद प्रक्रिया पारदर्शी बनाई जाए तथा खरीद के बाद धान का उठान समय पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए दर-दर न भटकना पड़े। मंडी से लेकर सडक़ों तक खुले में पड़ा किसानों का धान अंकुरित होने से नुकसान बढ़ा है। उन्होंने कहा किकिसान अपनी मेहनत की फसल को बर्बाद होते हुए नहीं देख सकते। प्रशासन को किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान करना होगा। किसानों को उचित मूल्य दिलाना, खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और मंडियों से धान का समय पर उठान करवाना प्रशासन की जिम्मेदारी है।



विक्रम कसाना किसानों के साथ गेट पर ताला लगाकर नारेबाजी कर रोष जताते हुए।

अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं

मार्किट कमेटी कार्यालय पर तालाबंदी की सूचना मिलने के बाद ढांड के नोडल अधिकारी अमित माथुर, मार्कीट कमेटी सचिव लव गुप्ता, हैफेड, खाद्य आपूर्ति विभाग खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधि तथा थाना प्रभारी बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों की समस्याएं सुनीं और किसानों के साथ मंडी में जाकर धान की खरीद सुचारू रूप से शुरू करवाने की कार्रवाई की। अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि अगले दो दिनों में खरीद और उठान से जुड़ी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर दिया जाएगा। कमेटी सचिव लव गुप्ता ने कहा कि सरकारी मापदंडों के अनुसार 17% नमी वाले धान की खरीद एमएसपी हो रही है और किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करने दिया जाऐगा।



जुलाना। बाजार में जाम लगाते दुकानदार। फोटो :हरिभूमि

गंदे पानी की निकासी नहीं होने पर दुकानदारों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के मुख्य बाजार में गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से परेशान दुकानदारों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। नाराज दुकानदारों ने बाजार में जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया और सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दुकानदारों का आरोप है कि लंबे समय से बाजार में गंदे पानी की निकासी की समस्या बनी हुई है। इस संबंध में अधिकारियों से लेकर विधायक तक शिकायत की जा चुकी है लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। बाद में एसडीएम के आश्वासन के बाद दुकानदारों ने जाम खोल दिया। दुकानदारों ने बताया कि मुख्य बाजार में दुकानों के सामने गंदा पानी जमा होने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी जमा रहने के कारण ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में दिक्कत होती है। इससे बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। दुकानदारों का कहना है कि गंदे पानी के कारण बाजार का माहौल खराब हो रहा है।

दुकानदारी प्रभावित

दुकानदारों ने कहा कि वे लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं। दुकानों के सामने गंदा पानी जमा होने के कारण उनकी दुकानदारी पर सीधा असर पड़ रहा है। ग्राहकों की संख्या कम होने से दुकानदारों की आमदनी घट रही है। ऐसे में उनके लिए दुकानों का किराया और अन्य खर्च पूरे करना भी मुश्किल होता जा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि जब बाजार में मूलभूत सुविधाएं ही उपलब्ध नहीं होंगी तो वे अपना कारोबार कैसे चला पाएंगे। उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान के लिए कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाया गया है। इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

करीब 8 करोड़ की पेमेंट किसानों के खातों में पहुंची

उचाना। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि उचाना मंडी में पीआर धान की खरीद के साथ-साथ किसानों के खातों में पेमेंट भी पहुंच रही है। मंडी में खरीदी गई पीआर धान की करीब 8 करोड़ रुपये की पेमेंट किसानों के खातों में आ चुकी है। किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री लगातार मंडी का दौरा कर खरीद प्रक्रिया का जायजा ले रहे हैं। अचानक बारिश के बाद विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री सुबह ही मंडी पहुंचे और बारिश से फसलों को हुए नुकसान का जायजा लिया। किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना तथा खरीद प्रक्रिया की स्थिति की जानकारी ली। सुरेंद्र खरकभूरा ने रविवार को उचाना पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री के पेमेंट नहीं होने संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया देते कहा कि सरकार के कार्यकाल में किसानों के हित में अनेक कार्य किए गए हैं।

पार्किंग को लेकर हुआ था विवाद, हत्या की कई दिनों से तैयारी कर रहे थे हत्यारोपित

■ मामला पूर्व सैनिक के बेटे की हत्या,दोनों से दो पिस्तौल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जुलाना में कृष्ण उर्फ डैनी की हत्या के दो आरोपितों को पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया है। जबकि तीसरा आरोपित अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित हत्या की साजिश पिछले कई दिन से रच रहे थे। वह केवल मौका मिलने की तलाश कर रहे थे। शुक्रवार रात को उनको मौका मिल गया और कृष्ण की हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपितों रामराये निवासी लोकेंद्र उर्फ मराठा व लजवाना खुर्द निवासी आशीष उर्फ भोला को सोमवार को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। वहीं तीसरे व मुख्य आरोपित जुलाना निवासी वासुदेव उर्फ अंगद के चोटिल होने पर उसका नागरिक अस्पताल में इलाज चल रहा है। डीएसपी रिषभ सोढी ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि शुक्रवार रात को कृष्ण उर्फ डैनी की गोली मार कर हत्या की गई थी। हत्या से पांच दिन पहले कृष्ण उर्फ डैनी का जुलाना निवासी वासुदेव उर्फ अंगद के साथ पार्किंग को लेकर विवाद हो गया था।

बैट्री स्क्रैप व्यापारियों से लूट के आरोपित दबोचे

जींद। जींद-भिवानी मार्ग पर गांव घिमाना के निकट बैटरी स्क्रैप व्यापारी से मारपीट कर चार लाख 98 हजार 600 रुपये लूटने के चार आरोपितों को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की पहचान भूपेंद्र नगर निवासी चांद, दुर्गा कालोनी निवासी जयदीप, बीबीपुर निवासी लोकेश व रामनगर निवासी शुभम के रूप में हुई है। चारों को सोमवार को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस आरोपितों से पैसे की रिकवरी करेगी। भिवानी जिले के गांव कोट निवासी राजेश ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह पुरानी बैटरियों के स्क्रैप का काम करता है। वह अपने साथी प्रवीन के साथ शुक्रवार रात गाड़ी में बैटरी स्क्रैप भर कर लाया था। उन्होंने हांसी रोड प्लाट नंबर 17 में स्क्रैप को बेच दिया। बेची गई स्क्रैप राशि चार लाख 98 हजार 600 रुपये उनके पास थी।

रावण की आंखों में होगा गुस्सा, अंधेरा होने पर चमकेंगी

अर्जुन स्टेडियम में होगा रावण-कुनबे का दहन

तैनात किए छह डीएसपी, 250 कर्मी तैनात, 15 नाके लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद शहर में दशहरा पर्व मंगलवार को अर्जुन स्टेडियम और रेलवे जंक्शन ग्रांउड में रावण के कुनबे का दहन किया जाएगा। दशहरा पर्व को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। अर्जुन स्टेडियम में जो पुतले दहन किए जाएंगे, उनमें से इस बार रावण की ऊंचाई 45 फीट रहेगी। जबकि कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले 40-40 फीट के होंगे। इस बार कुंभकरण के पुतले पर सींग लगाए गए हैं। वहीं रावण के पुतले की आंखे लाल रहेंगी जो अंधेरा होने पर चमकेंगी। पिछली बार की तरह रावण की आंखें व मुंह चलता हुआ दिखाई देगा लेकिन इस बार रावण के पुतले की ऊंचाई पांच फीट ज्यादा की गई है। पुतलों में आतिशबाजी का प्रयोग किया जाएगा। पुतलों पर करीब दो लाख रुपये खर्च आया है। रावण दहन कार्यक्रम के दौरान मेले का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं दशहरा पर्व को लेकर बाजार गुलजार हैं। श्याम नगर निवासी 77 वर्षीय खैरेती लाल व संजय ने बताया कि रावण परिवार के पुतले बनाने का काम विरासत में मिला है। उनके बाप व दादा पुतले बनाने का काम करते थे। समय के साथ इस कला में बदलाव भी आया है। उसके समेत परिवार के छह सदस्य पिछले 40 दिन से पुतले बनाने में लगे हुए हैं। जिनके निर्माण मे लागत भी अच्छी आती है। पुतलों के दहन को लेकर खैरेती लाल बताते हैं कि उन्हें मेहनत के बदले रुपये तो मिलते हैं लेकिन मेहनत को जलता देख दर्द भी होता है। बुराई का रूप जलाए जाने पर दिल को दिलासा भी मिलती है। वह पिछले लगभग सवा महीने से पुतले तैयार करने में लगे हुए हैं। तीनों पुतलों को तैयार करने पर लागत लगभग दो लाख रुपये आई है। दशहरा पर्व पर सुरक्षा को लेकर पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस ने छह डीएसपी, 12 थाना प्रभारी के अलावा 250 अन्य पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इसके अलावा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर 15 नाके भी लगाए हैं।





खबर संक्षेप

शिविर में एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

नरवाना। एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में सोमवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और जनसाधारण की समस्याएं सुनी। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं इसी कड़ी में सोमवार को नरवाना में भी उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन हुआ।

खेल महाकुंभः सात खेलों के ट्रायल 21 से

जींद। जिला खेल अधिकारी रामपाल ने बताया कि राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2026 में भाग लेने के लिए जिला स्तर पर पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों का ओपन कैटेगरी में चयन किया जाएगा। इसके लिए सात खेलों के ट्रायल 21 अक्टूबर को विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बैडमिंटन के ट्रायल अर्जुन स्टेडियम जींद में, फेंसिंग के ट्रायल इंडस स्कूल जींद में व कराटे और बेसबॉल के ट्रायल अर्जुन स्टेडियम जींद में आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार टेनिस के ट्रायल डीसी कॉलोनी जींद में, नेटबॉल के ट्रायल राजकीय गल्र्स प्राइमरी स्कूल निडानी में तथा खो-खो के ट्रायल हथवाला में लिए जाएंगे।

अबतक 70 हजार 019 एमटी धान की खरीद

जींद। जिले की अनाज मंडियों में धान की आवक और खरीद का कार्य निरंतर जारी है। रविवार देर शाम तक जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में कुल 70,019 मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की गई। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मंडियों में किसानों की सुविधा, सुचारू खरीद प्रक्रिया, फसल के उठान तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

वॉलंटियर रजिस्ट्रेशन में रमेश राणा का शानदार प्रदर्शन

उचाना। नमो सेवा पोर्टल पर वॉलंटियर रजिस्ट्रेशन के मामले में भाजपा उचाना मंडल के महामंत्री रमेश राणा शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। वॉलंटियर रजिस्ट्रेशन में रमेश राणा हरियाणा प्रदेश में पांचवें, जींद जिले में चौथे और उचाना विधानसभा क्षेत्र में तीसरे स्थान पर चल रहे हैं। रमेश की उपलब्धि को संगठनात्मक सक्रियता और पार्टी के कार्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के रूप में देखा जा रहा है। नमो सेवा पोर्टल के माध्यम से वॉलंटियर रजिस्ट्रेशन अभियान में कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

साक्षात्कार के आधार पर 70 अभ्यर्थियों का चयन

नरवाना। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 19 अक्टूबर को युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जॉब फेयर एवं कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न ट्रेडों के 100 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। कंपनियों द्वारा टेस्ट एवं साक्षात्कार के आधार पर 70 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जॉब फेयर में कृष्णा मारुति लिमिटेड (मानेसर), यूएनओ मिंडा ईवी सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड (गुरुग्राम), याजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (भिवाड़ी), श्रीराम पिस्टन्स एंड रिंग्स लिमिटेड (पथरेड़ी, राजस्थान) तथा आउमोविओ (मानेसर) जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया।

धान खरीद के साथ उठान का कार्य तेज

उचाना। उचाना की अतिरिक्त अनाज मंडी में पीआर धान की खरीद के साथ उठान का कार्य भी तेजी से चल रहा है। किसानों को फसल बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन की ओर से लगातार मंडी का दौरा कर खरीद, उठान और भुगतान की स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। यह बात एसडीएम उचाना सुमन यादव (आईएएस) ने कही। एसडीएम ने बताया कि अब तक मंडी में 1 लाख 58 हजार क्विंटल पीआर धान की आवक हो चुकी है।

जय माता दी के जयघोष से गूंजा बनभौरी धाम

माता के दर्शन कर परिवार की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना

पुलिस ने मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

बनभौरी स्थित माता भ्रामरी देवी धाम में नौ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव का भव्य समापन हुआ। समापन के अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरा धाम मां भ्रामरी देवी के जयकारों और जय माता दी के जयघोष से गूंज उठा। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। नवरात्रि महोत्सव के समापन पर हिसार के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ जैन ने बनभौरी धाम पहुंचकर मेले में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने मां भ्रामरी देवी के श्रीचरणों में माथा टेककर जिले में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी महंत श्यामलाल कौशिक ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और उन्हें मंदिर के धार्मिक महत्व के बारे में जानकारी दी। मंदिर के व्यवस्थापक सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि नौ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव के दौरान देशभर से लाखों श्रद्धालु मां भ्रामरी देवी के दर्शन करने पहुंचे। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर तथा मेले में व्यापक प्रबंध किए गए थे। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ जैन समय-समय पर मेले की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। उनके दिशा-निर्देशों के अनुसार बरवाला थाना प्रभारी सहित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



उचाना। माता भ्रामरी धाम पहुंचे हिसार एसपी सिद्धार्थ जैन का स्वागत करते हुए पुजारी महंत श्याम लाल कौशिक, सुरेंद्र कौशिक। फोटो :हरिभूमि



जींद। नवरात्र की अष्टमी पर कन्याओं को भोजन करवाते हुए श्रद्धालु।

श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पानी और ठहरने की व्यवस्था

नवरात्रि महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में भोजन और पीने के पानी की व्यवस्था लगातार जारी रही। इसके अलावा विभिन्न धर्मशालाओं में श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए भी उचित प्रबंध किए गए। सैकड़ों सेवादारों और ग्रामवासियों ने सेवा भाव से मेले की व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि पुलिस प्रशासन, मंदिर ट्रस्ट, सेवादारों और ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से नौ दिवसीय महोत्सव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। उन्होंने मेले के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, सेवादारों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पुजारी सतबीर कौशिक, पुजारी सुरेश कौशिक, पुजारी शिवकुमार कौशिक मौजूद रहे।

कन्याओं को गली-गली ढूंढते नजर आए श्रद्धालु

जींद। शारदीय नवरात्र की अष्टमी एवं नौवीं पर सोमवार सुबह श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराया तथा पूजा अर्चना कर व्रत समाप्त किए लेकिन श्रद्धालुओं को कन्याओं को ढूंढने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कन्याओं को भोजन कराने के लिए श्रद्धालु उन्हें गली-गली ढूंढते नजर आए। कन्याओं को एकत्रित करने के लिए श्रद्धालु एक गली से दूसरी गली तक भी गए। उधर, शहर के विभिन्न मंदिरों में कन्याओं को सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। ऐसी मान्यता है कि नवरात्र की अष्टमी पर कन्याओं को भोजन कराने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों की मन्नतें पूरी करती हैं। यह भी मान्यता है कि जब तक कन्याओं को भोजन न कराया जाए तब तक व्रत सफल नहीं होता। इसी मान्यता के चलते सोमवार को सुबह श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों पर कन्याओं को भोजन कराया तथा अन्न प्रसाद के रूप में ग्रहण करके व्रत समाप्त किया। श्रद्धालुओं ने सुबह जहां कन्याओं को शीघ्र भोजन करा व्रत समाप्त कर अन्न ग्रहण करने को उतावले दिखे वहीं कन्याओं को ढूंढने के लिए भी उन्हें कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ लोगों को तो भोजन कराने के लिए कन्याएं न मिलने पर मंदिरों में सामूहिक रूप से भोजन करा कर काम चलाया। वहीं कुछ कन्याओं नेकई-कई घरों में भोजन किया। उधर, ऐतिहासिक जयंती मंदिर में आठवें नवरात्र पर हवन पूजन हुआ। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि नवरात्रि की अष्टमी तिथि को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की जाती है, जो शांति और ज्ञान का प्रतीक हैं।



नरवाना। राम लीला का मंचन करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि

रावण-कुंभकण व मेघनाद के पुतलों का होगा दहन

■ एसडी महिला कालेज में दशहरे पर रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतलों का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

रामा भारतीय कला केंद्र के द्वारा पुरानी अनाज मंडी में हो रहे रामलीला मंचन के दौरान लंका दहन, रावण दरबार में अंगद का पैर जमाना से लेकर लक्ष्मण मूर्छा तक के दृश्य दिखाए गए। मुख्यतिथि के तौर पर राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित नरेंद्र गर्ग, मोहन लाल गर्ग ने शिरकत की। उन्होंने रिबन काटकर लीला का शुभारंभ किया। मंच संचालन शैलेंद्र मोहन गर्ग ने किया। लीला के शुभारंभ से पहले मंच के माध्यम से कला केंद्र के प्रधान भारत भूषण गर्ग ने 20 अक्तूबर को ओल्ड कोर्ट रोड स्थित एसडी महिला कालेज परिसर में बड़ा दशहरे का उत्सव मनाया जाएगा। इसके साथ ही यहां पहली बार रावण कुंभकण व मेघनाद के पुतलों का दहन होगा। मंच पर दस दिनों तक चली रामलीला के एक से बढकऱ एक बेहतर दृश्य दर्शकों को दिखाए जाएंगे। दशहरा महोत्सव पर समाजसेवी नरेश गोयल शिरकत करेंगे और राम का राज्यभिषेक करेंगे। सोमवार की रात लीला के दौरान दिखाया गया कि किस तरह से रावण केदरबार में हनुमान को बंधी बनाकर लाया जाता है। उसके बाद फिर उसकी पूंछ में आग लगा दी जाती है और वह रावण की सोने की लंका को जलाकर चला जाता है। उसके बाद फिरअंगद दरबार में पहुंचता है और अपने निराले अंदाज में रावण के सामने बातचीत करता है। फिर अपना पांव दरबार में जमा देता है। पहली बार युद्व की कमान रावण मेघनाथ को दे देता है। उधर भगवान राम लक्ष्मण को युद्व की कमान दे देते हैं। यहां दोनों के बीच हुए युद्व में लक्ष्मण को मूर्छा आ जाती है। फिर वीर हनुमान संजीवनी बूटी ले आते हैं और फिर लक्ष्मण को होश आता है। मंचन में राम की भूमिका अमन वर्मा, लक्ष्मण की भूमिका रामप्रकाश, हनुमान की भूमिका मंजीत गौरा, रावण की भूमिका प्रेम अरोड़ा जो पहले हनुमान का किरदार निभाते थे और मेघनाथ की भूमिका राकेश भनवाला ने निभाई।

रावण दहन कर दिया बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश

■ मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में दशहरे का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। समारोह का मुख्य आकर्षण रावण दहन रहा, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को दशहरे के धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक महत्व से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि यह पर्व केवल बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक नही बल्कि सत्यए सदाचारए मर्यादा और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा भी देता है। विद्यार्थियों की नृत्य प्रस्तुतियों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं की झलक देखने को मिली। उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंच पर प्रस्तुति देने की कला की सराहना की गई। रावण दहन के अवसर पर विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम के आदर्शों और उनके जीवन से मिलने वाली शिक्षाओं के बारे में बताया गया। उन्हें समझाया गया कि रावण विद्वान और शक्तिशाली होने के बावजूद अहंकार तथा गलत निर्णयों के कारण पराजित हुआ। इसलिए जीवन में ज्ञान और शक्ति के साथ विनम्रता, विवेक और अच्छे संस्कार होना भी जरूरी है। विद्यालय समिति के अध्यक्ष संदीप दहिया और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन कर्तव्यनिष्ठा धैर्य मर्यादा और आदर्शों का प्रतीक है। विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने आचरण में अच्छे संस्कार अपनाने चाहिए और सत्य व ईमानदारी के मार्ग पर चलना चाहिए। प्राचार्य ने कहा कि रावण दहन का वास्तविक अर्थ केवल पुतले को जलाना नहीं बल्कि अपने भीतर मौजूद अहंकार, क्रोध ईष्र्या, लालच और द्वेष जैसी बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लेना है।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में मनाया दशहरा

■ कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में विजयदशमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों को दशहरे के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक महत्व से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं तथा सत्य की विजय के संदेश से परिचित करवाना था। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों को भगवान श्रीराम के जीवन, उनके आदर्शों तथा रावण पर उनकी विजय की कथा के माध्यम से सत्य, धर्म और अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि दशहरे का पर्व हमें सिखाता है कि बुराई चाहे कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में विजय हमेशा अच्छाई और सत्य की ही होती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल चहल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दशहरा केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन में बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों को अपनाने का संदेश देने वाला पर्व है।



नरवाना। दशहरे का त्योहार मनाते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



पूर्व कैबिनेट मंत्री का स्वागत करते पुजारी श्याम लाल कौशिक, सुरेंद्र कौशिक।

पूर्व कैबिनेट मंत्री ने माता भ्रामरी धाम में किए दर्शन

उचाना। देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी शक्तिपीठ धाम में नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। प्रदेश के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु माता के दर्शन करने और पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। नवरात्र में श्रद्धालु अपनी कुलदेवी माता भ्रामरी की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति की कामना करते हैं। नवरात्र के अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कमलेश ढांडा भी माता भ्रामरी धाम पहुंचीं। उन्होंने माता के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। धाम पहुंचने पर पुजारी महंत श्याम लाल कौशिक और सुरेंद्र कौशिक ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कमलेश ढांडा ने कहा कि देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी धाम में पहुंचकर मन को शांति मिलती है। माता के दरबार में श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ माथा टेकते हैं। नवरात्र के दौरान मंदिर में विशेष धार्मिक माहौल बना हुआ है। नवरात्र को लेकर मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की आस्था को देखते धाम में विशेष रौनक देखने को मिल रही है।

मां दुर्गा की महिमा और भगवान राम के आदर्श जीवन को दर्शाया

जींद। इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग जींद में नवरात्रि के पावन अवसर पर उत्साह, उमंग और भक्तिमय वातावरण के बीच नवरात्रि उत्सव एवं रामलीला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों से परिचित कराना था। इस अवसर पर विद्यालय परिसर भक्तिमय रंगों से सजाया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मां दुर्गा की महिमा और भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन को दर्शाया। रामलीला के मंचन द्वारा विद्यार्थियों ने सत्य, धर्म, मर्यादा और अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को भारतीय त्योहारों के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा सभी के प्रति प्रेम, सम्मान और सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय का यह आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का एक सराहनीय प्रयास रहा।





नरवाना। प्रथम वेद प्रकाश गर्ग सेवानिवृत्त प्राचार्य नरवाना प्रीमियर लीग का एनसीए क्रिकेट अकादमी नरवाना में शुभारंभ। फोटो :हरिभूमि

प्रीमियर लीग का एनसीए क्रिकेट अकादमी में शुभारंभ

नरवाना। एनसीए क्रिकेट अकादमी, नरवाना के मैदान में प्रथम वेद प्रकाश गर्ग सेवानिवृत्त प्राचार्य नरवाना प्रीमियर लीग का शुभारंभ बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य 35 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों को क्रिकेट खेलने का अवसर प्रदान करना तथा खेल, स्वास्थ्य, अनुशासन और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता के उद्घाटन दिवस पर मुख्य अतिथि कृष्ण श्योकंद, प्रधान, जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर टूर्नामेंट के आयोजक सतीश खटकर एवं संदीप मौन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं अनुभवी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करती हैं। साथ ही ये प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने, आपसी सद्भाव बढ़ाने और युवा पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं समस्याएं

पुरानी शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाएंः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी डा. वैशाली शर्मा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी। शिविर में राजस्व, चिकित्सा, अवैध कब्जे, मकान के इंतकाल तथा ग्रामीण खेल सुविधाओं सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें रखी गईं। डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय सीमा में उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुराने लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए तथा प्रत्येक शिकायत पर की गई कार्रवाई का स्पष्ट रिकॉर्ड रखा जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का केवल औपचारिक निपटान पर्याप्त नहीं हैए बल्कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि संबंधित नागरिक की समस्या का वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान हो। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी अथवा विभाग की जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। समाधान शिविर का उद्देश्य नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर उपलब्ध करवाना तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई हो और नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि

ये रहे मौजूद

समाधान शिविर का निर्धारित समय पूरा होने के बाद भी डीसी डॉ वैशाली शर्मा के निर्देशानुसार सोमवार को अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि समाधान की उम्मीद लेकर शिविर में पहुंचे किसी भी प्रार्थी को निराश होकर न लौटना पड़े और उसे अपनी शिकायत के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित शिकायतकर्ताओं की बात सुनते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है। समाधान शिविर में एसडीएम सत्यवान मान, सीटीएम मोनिका रानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



एडीसी ने दिया धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश

जींद। आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि मां परम्बा समस्त माताओं की भी माता हैं। प्रभु तक पहुंचने के लिए मातृभाव सबसे सरल मार्ग है। मां का स्नेह अपने संतान के प्रति कभी कम नहीं होता। इसी प्रकार मां भगवती भी अपने भक्तों की पुकार सुन कर उन्हें आशीर्वाद प्रदान करती हैं। आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में रविवार रात नवरात्र पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संतान चाहे कितनी भी गलतियां क्यों न करेए मां का प्रेम उसके प्रति कम नहीं होता। पुत्र कुपुत्र हो सकता है, लेकिन माता कभी कुमाता नहीं हो सकती। मां परम्बा तो माताओं की भी माता हैं। इसलिए भक्तों को पूर्ण श्रद्धा और सच्चे हृदय से मां का स्मरण करना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं को मां भगवती की भक्ति के साथ सदाचार और अच्छे कर्मों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। इससे पहले अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कौशिक ने सपरिवार माता वैष्णवी के चरणों में पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को नवरात्र पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धर्म विजय का द्वार है, जबकि अधर्म पराजय की ओर ले जाता है। मनुष्य को सदैव धर्म के मार्ग पर चलते अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।

भगवान राम के आदर्श जीवन, सत्य, धर्म, मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा के मूल्यों से करवाना परिचित

राम-भरत संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों ने भाईचारे, त्याग के मूल्यों का दिया सुंदर संदेश

एमडीएन ग्लोबल स्कूल में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया दशहरा उत्सव, प्रस्तुतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में दशहरा उत्सव बड़े हर्षोल्लास, उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, चेयरपर्सन निधि कंसल, मैनेजर गौरव गर्ग तथा प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, सत्य, धर्म, मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा के मूल्यों से परिचित करवाना था। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव का वातावरण देखने को मिला और विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के चरित्र एवं रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। श्रीराम जी के चरित्र पर आधारित सामूहिक गीत ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं, रामायण पर आधारित समूह नृत्य ने अपनी भावपूर्ण अभिव्यक्ति और आकर्षक प्रस्तुति से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। राम-भरत संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों ने भाईचारे, प्रेम, त्याग और पारिवारिक मूल्यों का सुंदर संदेश दिया। इसके अतिरिक्त, रामायण के विभिन्न प्रसंगों एवं प्रमुख पात्रों पर आधारित रामलीला की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति और हमारी समृद्ध धार्मिक विरासत से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया। प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने विशेष उत्साह और ऊर्जा के साथ गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। उनकी मनमोहक प्रस्तुति, तालमेल और उमंग ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंच पर उनकी प्रभावशाली उपस्थिति ने यह सिद्ध किया कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को भी विशेष महत्व दिया जाता है। उत्सव का एक प्रमुख आकर्षण रामायण के चार कांडों पर आधारित विशेष अंतर-सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रही। इसमें विद्यालय के चारों सदनों शौर्य, संकल्प, प्रगति और तेजस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन चार अलग-अलग राउंड में किया गया, जिनमें प्रतिभागियों के रामायण संबंधी ज्ञान, समझ और त्वरित उत्तर देने की क्षमता का मूल्यांकन किया गया। सभी सदनों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।



कैथल। दशहरा पर्व के दौरान एमडीएन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थी।


कैथल। वेशभूषाओं में विद्यार्थियों के साथ मुख्यअतिथि।

शौर्य सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

शानदार प्रदर्शन के आधार पर 'शौर्य सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का गौरव हासिल किया।' इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनमें टीम भावना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और भारतीय महाकाव्यों के प्रति रुचि को भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने अपने आशीर्वचन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दशहरा केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सत्य की असत्य पर और अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, अनुशासन, कर्तव्य, धैर्य और आदर्श आचरण की प्रेरणा देता है।

श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल में रामलीला का मोहक मंचन

पूंडरी। श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल में विजयादशमी (दशहरा) का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में धार्मिक व सांस्कृतिक माहौल बना रहा और रावन दहन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित रामलीला का मनमोहक मंचन किया, जिसने वहां मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया। इस भव्य कार्यक्रम में पूंडरी थाना एसएचओ सुनील ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण स्कूल के बच्चों की रचनात्मकता रही। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट रचनात्मक कला और हुनर का प्रदर्शन करते हुए अपने शिक्षकों के साथ मिलकर रावण का पुतला स्वयं ही तैयार किया। बच्चों के इस प्रयास की मुख्य अतिथि और शिक्षकों ने दिल खोलकर सराहना की। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक वर्ग के छोटे-छोटे बच्चों ने श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रावण का रूप धारण कर रामलीला के विभिन्न प्रसंगों को जीवंत कर दिया। बच्चों के बेहतरीन अभिनय और संवाद अदायगी ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। पूरा विद्यालय परिसर जय श्री राम के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा।

बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है दशहरा



पूंडरी। प्रसिद्ध धर्माचार्य पंडित रवि दत्त शास्त्री ने बताया कि सनातन धर्म में दशहरा एक लोकप्रिय पर्व है और इसे बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन जगह-जगह मेले का आयोजन होता है वहां रावण दहन किया जाता है, पौराणिक मान्यताओं के अनुसार दशहरा के दिन ही भगवान श्री राम ने रावण का वध किया था और बुराई पर अच्छाई की जीत हुई थी। रावण के साथ ही दशहरा के दिन मेघनाथ और कुंभकरण का भी पुतला बनाकर फूंका जाता है। मान्यता है कि जब ये पुतले जलते हैं और मनुष्य के अंदर की बुराई का अंत होता है और अच्छाई की लौ प्रज्वलित होती है।



गायत्री स्कूल में रामलीला मंचन

कैथल। माता गेट स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में विजयादशमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने रामलीला का मंचन किया और असत्य पर सत्य की जीत का संदेश दिया। स्कूल प्रधानाचार्या वनिता गुप्ता ने दीप प्रज्जवलन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने राम और सीता का रूप धरकर सबका मन मोहा । रामलीला के बाद रावण का पुतला दहन किया गया । जैसे ही अग्नि में रावण जलता गया, विद्यार्थी और शिक्षक सभी ने एक साथ बुराई पे अच्छाई की जीत का जय घोष किया । विद्यालय जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। प्रधानाचार्या वनिता गुप्ता ने बताया कि रामलीला भगवान राम के पूरे जीवन की एक नाटकीय प्रस्तुति है, जो अपने युवा काल के राम के इतिहास से शुरू होती है और भगवान राम और रावण के बीच 10 दिनों के लिए युद्ध के साथ समाप्त होती है।



आदर्श स्कूल जाखौली में मनाया दशहरा

राजौंद। आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हे विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी सहित रामायण के विभिन्न पात्रों की आकर्षक वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से विद्यालय का वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो गया।विद्यार्थियों ने राम परिवार से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, माता सीता के त्याग, लक्ष्मण की सेवा भावना और हनुमान जी की अटूट भक्ति का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता का विकास होता है और उन्हें भारतीय संस्कृति, परंपराओं तथा नैतिक मूल्यों को समझने का अवसर मिलता है।



हनुमान ने किया लंका दहन

कैथल। सीवन में बाबा नारायण दास रंगमंच क्लब की रामलीला में कलाकारों ने अशोक वाटिका और लंका दहन के प्रसंगों का जीवंत मंचन किया। वहीं, कैथल के श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में श्री गणेश ड्रामेटिक क्लब की रामलीला में बाली वध सहित भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का मंचन हुआ। सीवन की रामलीला मंचन के दिखाया जाता है कि जब श्रीराम का दूत बनकर लंका पहुंचे हनुमान ने अशोक वाटिका उजाड़ी तो मेघनाद ने उन्हें ब्रह्मफांस में बांधकर रावण के दरबार में पेश किया। रावण के आदेश पर हनुमान की पूंछ में आग लगाई गई तो उन्होंने पूरी सोने की लंका को जलाकर राख कर दिया। सीवन में मंचन के दौरान हनुमान और रावण के बीच संवाद के बाद पूंछ में आग लगाने पर हनुमान ने लंका दहन किया। इसके बाद रावण ने विभीषण को देश निकाला देने का आदेश दिया।



ध्रुव पब्लिक स्कूल में दशहरा पर्व की धूम

पूंडरी। ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर पूंडरी में दशहरे का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास, उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण भक्तिमय एवं उत्सवमय नजर आया। विद्यार्थियों ने विभिन्न आकर्षक वेशभूषाओं में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी के रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा मंच पर प्रस्तुत की गई रामलीला रही। बच्चों ने अपने शानदार अभिनय, संवादों और भावपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से भगवान श्रीराम की मर्यादा, आदर्शों और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। विद्यार्थियों की इस बेहतरीन प्रस्तुति को उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। रामलीला की प्रस्तुति के पश्चात रावण दहन का आयोजन किया गया।

एटक हरियाणा के 18 वें सम्मेलन में संगठन बढ़-चढ़कर भाग लेगा : पहल सिंह तंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के 18 वें प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन की तैयारियां तेज करने व सम्मेलन के प्रचार प्रसार अभियान चलाया गया जिसमें कैथल डिपो बस स्टैंड पर पोस्टर लगाए गए। इस दौरान एटक हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा के प्रधान महासचिव पहल सिंह तंवर व प्रवीण कुमार कयोडक डिपो प्रधान ने कहा कि सम्मेलन की तैयारियां पूरी कर ली गई है जिसमें रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा सम्बंधित एटक व रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा के सभी राज्य स्तरीय पदाधिकारी व सभी जिलों से पदाधिकारी बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे। पहल सिंह तंवर प्रदेश अध्यक्ष एटक हरियाणा ने विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि एटक हरियाणा का सम्मेलन 23-24 अक्टूबर को जाट धर्मशाला रिवाडी में आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रदेश भर से मजदूर कर्मचारी किसान, महिला संगठन सैंकड़ों की संख्या में शामिल होंगे।


जानकारी देते रोडवेज कर्मचारी

लंबित मागों पर मंथन

डिपो प्रधान प्रवीन कयोडक ने कहा कि कर्मचारियों की लम्बित मुख्य मांगों को लेकर जिनमें पुरानी पैंशन योजना बहाल करना, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, एच के आर एन से कच्ची भर्ती प्रक्रिया बंद कर नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू कर रोजगार उपलब्ध कराने, रोडवेज, बिजली आदि सभी सार्वजनिक विभागों में निजीकरण पर रोक लगाने व लम्बित जायज मांगों को लेकर सम्मेलन में कैथल डिपो कार्यकारिणी सदस्य बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे।

सांसद खेल महोत्सव 2.0 के लिए नियुक्त किए नोडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- 10 से 20 नवंबर और 7 से 20 दिसंबर तक दो चरणों में होंगी प्रतियोगिताएं

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल के मार्गदर्शन में जिला कैथल में सांसद खेल महोत्सव 2.0 का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में प्रतियोगिताओं के सुचारू संचालन और संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। डीसी अपराजिता ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र गुहला के लिए जिला नगर आयुक्त कपिल शर्मा, विधानसभा क्षेत्र कलायत के लिए एचएसवीपी के ईओ वकील अहमद, विधानसभा क्षेत्र कैथल के लिए शुगर मिल्स कैथल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार तथा विधानसभा क्षेत्र पूंडरी के लिए जिला परिषद कैथल के सीईओ गुलजार मलिक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला खेल अधिकारी राज रानी खेल महोत्सव के आयोजन में खेल संबंधी व्यवस्थाओं, प्रशिक्षण, स्टेडियमों और व्यायामशालाओं में प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगी। डीसी ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव 2.0 के तहत प्रतियोगिताएं दो चरणों में आयोजित की जाएंगी। प्रथम चरण 10 नवंबर से 20 नवंबर 2026 तक तथा द्वितीय चरण 7 दिसंबर से 20 दिसंबर 2026 तक निर्धारित किया गया है।

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने की मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोमवार को पुलिस लाईन कैथल में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें महिला व पुरुष पुलिस कर्मचारियों द्वारा उपद्रवी भीड़ तथा असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए गये विभिन्न प्रकार के अभ्यास किए गये। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस से 3 कंपनियों का गठन किया गया है। कंपनियों में 2 पुरुष कंपनी, 1 महिला कंपनी बनाई गई है। कंपनी के जवान लाठी डंडा, टियर गैस और सक्षम आधुनिक हथियार के साथ एक कॉल की तैयारी की पोजीशन में रहेंगे। सभी कंपनियों को डीएसपी सुशील प्रकाश, डीएसपी बीर भान, डीएसपी रोहताश के नेतृत्व में सीडीआई एएसआई अजय द्वारा पुलिस लाइन कैथल में मोक ड्रिल का अभ्यास कराया गया। जिसमें पुलिस बल की सभी टुकडियों को स्पेशल मोक ड्रिल करवाई गई, जिनको उपद्रवी भीड़ तथा असामाजिक तत्वो से निपटने के लिए विभिन्न प्रकार की फोरमेशन की जानकारी दी गई।


कैथल। पुलिस लाइन कैथल में मॉक ड्रिल करते पुलिस कर्मचारी

साइबर ठगी से रहें सावधान : मनप्रीत

कैथल। डिजिटल युग में ठगों ने लोगों को लूटने के तरीकों में तेजी से बदलाव किया है। अब साइबर अपराधी व्हाट्सऐप कॉल या मैसेज के माध्यम से "स्क्रीन शेयरिंग" या "मोबाइल मिररिंग" करवाकर खातों से पैसे उड़ाने लगे हैं।


मनप्रीत सिंह सूदन

इस गंभीर होती प्रवृत्ति को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कैथल मनप्रीत सिंह सूदन ने नागरिकों को सतर्क रहने संबंधी एडवाइजरी जारी की है। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि ठग खुद को बैंक अधिकारी, कस्टमर केयर एजेंट, यूपीआई हेल्पडेस्क या सरकारी कर्मचारी बताकर संपर्क करते हैं। वे किसी समस्या के समाधान, केवाईसी अपडेट, रिफंड, इनाम या अकाउंट बंद होने की बात कहकर भरोसा जीतते हैं। इसके बाद वे व्हाट्सऐप पर लिंक भेजते हैं।

स्थापना दिवस पर गरीब बच्चों को बांटी स्टेशनरी

कैथल। अखिल भारतीय मानव सेवा समिति ने सेक्टर 19 स्थित राजकीय मिडल स्कूल के प्रांगण में अपना 22वां स्थापना दिवस जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया। प्रवीण गर्ग एवं विजय गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। ढूल खाप के उपाध्यक्ष सतबीर कोटड़ा, ज्ञानचंद भल्ला रिटायर्ड मुख्याध्यापक,महिला विंग की प्रधान डॉक्टर राजकला पुनिया, सरस्वती पब्लिक स्कूल के एम डी राजकुमार शर्मा ने विशिष्ट अतिथि की जिम्मेदारी निभाई। समिति के प्रधान जोगिंदर ढुल ने मुख्यातिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का अभिनंदन किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की समिति ने 75 जरूरतमंद विद्यार्थियों को वर्दियां तथा दो सौ बच्चों को कॉपियां वितरित की।

आईटीआई में चलाया स्वच्छता अभियान

कैथल। युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा (युवा मामले) द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिला कैथल के सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अक्टूबर माह को क्लीन इंडिया कार्यक्रम के तहत स्वच्छता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में राजकीय आईटीआई कैथल में विद्यार्थियों द्वारा संस्थान परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस दौरान विद्यार्थियों ने परिसर की साफ-सफाई की तथा पेड़-पौधों की निलाई-गुड़ाई कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सतीश मच्छाल प्रधानाचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी राजकीय आईटीआई कैथल ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन की आदत बनाना आवश्यक है। स्वच्छ वातावरण से न केवल बीमारियों से बचाव होता है बल्कि सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने घर संस्थान गांव और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में वर्ग अनुदेशक संजय वर्मा, राजवीर सिंह, अनिल ढुल, सतीश सैनी, संजीव कुमार व अनुदेशक रणधीर ढांडा, उमेश धीमान, सत्यवान, सुमन, संतोष, राजरानी आदि उपस्थित रहे।

डीएसपी सुशील प्रकाश ने किया शुभारंभ, खिलाड़ियों ने दिखाया दम

राष्ट्रीय बालिका बॉक्सिंग स्पर्धा में रोचक मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी. पब्लिक स्कूल, कैथल में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय बालिका बॉक्सिंग चैंपियनशिप के पाँचवें दिन खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। देश के विभिन्न राज्यों से आई प्रतिभाशाली बालिका खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय विद्या समिति के जनरल सेक्रेट्री तथा प्रबंधक समिति के सदस्य पंकज बंसल तथा प्रवीन जैन कैथल के डीएसपी सुशील प्रकाश तथा डॉ. विनय गुप्ता भी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या निवेदिता भट्ट ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। पंकज ने सभी बालिका खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया और कहा कि आज की बेटियां प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और खेलों के माध्यम से देश का नाम रोशन कर रही हैं। सुशील प्रकाश ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। चौथे दिन के मुकाबलों के परिणाम इस प्रकार रहे। अंडर-14 विभिन्न आयु वर्ग और विभिन्न जोन में आर्थिका, दृशा, तान्या, सिया पटेल, प्रियंका, खुशी, रुजल, निशा, सान्वी, मानसी, रीवा, रचिता, खुशी, ए श्रृणिका, सौम्या, धनुश्री, रिया, पाखी, गुनगुन, साक्षी, छवि और संजना विजेता रही।


कैथल। डीएसपी सुशील प्रकाश खेलों का शुभारंभ करवाते हुए।

ये रहे मौजूद

अंडर-17 विभिन्न जॉन और विभिन्न वर्गों में ऐबी, नियति, एनजी, आरजू, भूमि, अक्षिता ठाकुर, उमरा खान, खुशी अहलावत, तन्वी, श्रुतिसंपत, नीति, निकिता पांडे, जिया आनंद, वंशिका यादव, वंशिका, सोनिका, निश्चल शर्मा, अनन्या, के दिव्या भारती, चारु बिश्नोई, साची शर्मा, यनशिका, अंजलि, हर्षिता, अंशिका, अनम मंसूरी, सुयोग, हाना ब्लेसी, मंदिषा साहू, हर्षिता, संप्रीती धीमान, सुनैना, इशिका, कियारा जैन, अनन्या, डेलिशा माजरा, किरथ, तन्वी, प्रियांशी नायडू, खुशी, मानवी, एंजेल यादव, कायरा रावत, वृद्धि दुबे, आर एस प्रीतिका, हरि लक्ष्मी, मान्यता शर्मा, प्रियांशी सैनी, ज्योति, दीया चौधरी, रिद्धिमा, रिया एस, वृधिनी चौधरी, परी, मेहुल मलिक, शिफा ठाकुर, हरी प्रिया, गोरी पंकज, गुर्सीरत कौर, रिया विजयी रही। अंडर- 19 बालिका विभिन्न वर्ग और विभिन्न जोन में दिव्या शर्मा, रोशनी जोशी, आस्था मनोज, निष्ठा तंवर, वैष्णवी यादव, महक, जिया, गुंजन पटवाल, दीपिका, हिन्दवी राहुल विधाते, याशी, लक्षिता पवार, हिमानी पवार, पूर्णाश्री, आर, आहना शर्मा, जशनदीप कौर, दिव्यांशी, चेष्टा, स्नेहा, कनक, बेनेश आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

कथा के समापन पर हवन व भंडारा किया

राजौंद। गांव बीर बागडा में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के समापन अवसर पर हवन-यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कथा के समापन अवसर पर आचार्य जितेंद्र शास्त्री ने हवन-यज्ञ के महत्व के बारे में बताया। हवन-यज्ञ के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने श्रद्धालुओं को भक्ति और सेवा भाव से जुड़ने का मौका दिया। आस्था के साथ-साथ समाज में सद्भाव और परस्पर सहयोग की भावना को भी महत्व दिया गया।

गुहला मंडी में धान खरीद प्रक्रिया जारी

गुहला चीका। मार्केट कमेटी के नवनियुक्त सचिव विजय कुमार ने कहा कि एसडीएम मनीष कुमार यादव के मार्गदर्शन में मंडियों में धान खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। गत 18 अक्टूबर तक विभिन्न मंडियों में 1 लाख 39 हजार 271 मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है, जबकि 89 हजार 616 मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है। एसडीएम मनीष कुमार यादव धान खरीद प्रक्रिया पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक कल

कैथल। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता भूपिंदर सिंह ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए 21 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक विशेष उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता फोरम के अध्यक्ष योगराज करेंगे। यह बैठक एसई सर्कल, यूएचबीवीएन, कैथल के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित की जाएगी।

ई उपचार पोर्टल पर घर बैठे कटेगी नागरिक अस्पताल की ओपीडी पर्ची

खास बातें
- ऑनलाइन जमा होगी फीस टोकन से मिलेगी पर्ची
- मरीजों को कतारों से मिलेगी राहत, ऑनलाइन पंजीकरण कराने वालों के लिए बनेगा अलग टोकन काउंटर



जींद। अस्पताल में दवा के लिए लगी मरीजों की लंबी लाइनें। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में ओपीडी के लिए लोग घर बैठे ही ओपीडी स्लिप कटवा सकेंगे। इसके लिए ई उपचार पोर्टल पर अस्पतालों में अपॉयंटमेंट बुक करने की सुविधा उपलब्ध होगी। इस सुविधा से अस्पताल में आने वाले मरीजों को ओपीडी स्लिप के लिए लंबी लाइनों में नहीं लगना होगा। प्रतिदिन मरीजों को लाइन में लगकर होने वाली परेशानी व समय की बर्बादी बचेगी।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन करीब 1800 मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। ऐसे में पर्ची बनवाने के लिए लगने वाली कतारों के कारण मरीजों और उनके तीमारदारों को परेशानी होती है। कई बार खुले रुपये नहीं होने पर पर्ची शुल्क, दाखिला शुल्क और जांच का भुगतान करने में भी दिक्कत आती है। इससे पहले अस्पताल में शुल्क जमा कराने के लिए स्कैनर व्यवस्था शुरू की गई थी। अब ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा से मरीजों को अस्पताल पहुंचने से पहले ही प्रक्रिया पूरी करने में मदद मिलेगी। इलाज के लिए आने वाले मरीजों को अब पर्ची कटवाने और शुल्क जमा कराने के लिए लंबी कतारों में इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अस्पताल में ऑनलाइन ओपीडी पंजीकरण और शुल्क भुगतान की सुविधा को बढ़ावा दिया जा रहा है। मरीज घर बैठे पर्ची के लिए पंजीकरण कर सकेंगे और ऑनलाइन फीस जमा करने के बाद उन्हें टोकन मिलेगा। अस्पताल पहुंचने पर अलग काउंटर से टोकन के आधार पर पर्ची प्राप्त करने की व्यवस्था बनाई जाएगी। ऑनलाइन पंजीकरण से मरीजों का समय बचेगा और पर्ची काउंटर पर भीड़ कम होगी। मरीज निर्धारित समय के अनुसार चिकित्सक से परामर्श लेने की योजना बना सकेंगे। वहीं चिकित्सकों को मरीजों का क्रम व्यवस्थित रखनेए ओपीडी का प्रबंधन सुधारने और अनावश्यक भीड़ कम करने में मदद मिलेगी। 200 बिस्तरों वाले अस्पताल में प्रतिदिन 150 से अधिक मरीज भर्ती रहते हैं।

गत सप्ताह शुरू हुई है पर्ची काउंटर पर स्कैनर की व्यवस्था

अस्पताल में पिछले सप्ताह ही पर्ची काउंटर पर स्कैनर व्यवस्था शुरू की थी। इसके कारण मरीजों को होने वाली परेशानी से छुटकारा मिला था। अब यह दूसरी सुविधा भी शुरू होने से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रुप दिया है। उम्मीद है कि यह सुविधा मंगलवार से ही शुरू होने की उम्मीद है। नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी रघुवीर पूनिया ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण कराने वाले मरीजों के लिए अलग टोकन काउंटर बनाया जाएगा ताकि उन्हें सामान्य कतार में इंतजार न करना पड़े। इससे मरीजों का समय बचेगा और अस्पताल में भीड़ प्रबंधन बेहतर हो सकेगा। ऑनलाइन सुविधाओं को बढ़ावा देने का उद्देश्य मरीजों को पंजीकरण और शुल्क भुगतान में होने वाली परेशानी से राहत देना है।

बाबा लदाना मेले में पांच स्थानों पर लगाए जाएंगे नाके

300 पुलिसकर्मी संभालेंगे बाबा राजपुरी डेरे के मेले और दशहरा पर्व पर सुरक्षा

दो डायल 112 गाड़ियां लगातार तीन दिन तक मेला क्षेत्र में तैनात रहेंगी



कैथल। बाबा लदाना के लिए रवाना होते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

दशहरा पर्व और गांव बाबा लदाना स्थित बाबा राजपुरी डेरे में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय मेले को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। दशहरे से द्वादशी तक चलने वाले मेले में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए करीब 150 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। वहीं, दशहरा पर्व पर चंदाना गेट सहित कैथल जिले के विभिन्न कस्बों में आयोजित होने वाले रावण पुतला दहन कार्यक्रमों के दौरान भी करीब 150 पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे, ताकि सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें।

डीएसपी रमेश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि बाबा राजपुरी डेरे में आयोजित होने वाले मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस द्वारा सुरक्षा, कानून व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। मेले के दौरान गांव में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्गों पर पांच नाके स्थापित किए जाएंगे। इनमें पाडला गांव की तरफ, मानस की ओर, अटेला की तरफ तथा बुड्ढा खेड़ा की ओर एक-एक नाका लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त मेला क्षेत्र में चौराहे पर बाबा राजपुरी डेरे के मुख्य द्वार के सामने भी पुलिस नाका स्थापित किया जाएगा। मेले के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए दो डायल 112 गाड़ियां लगातार तीन दिन तक मेला क्षेत्र में तैनात रहेंगी। इसके अलावा मोटरसाइकिल राइडर लगातार गश्त करेंगे और सादी वर्दी में पुलिसकर्मी भी भीड़ के बीच मौजूद रहकर गतिविधियों पर नजर रखेंगे। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, हुड़दंग या शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मेले के दौरान सदर थाना पुलिस और संगतपुरा चौकी की पुलिस टीम भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेगी।

डीएसपी रमेश चंद्र ने बताया कि दशहरा पर्व पर चंदाना गेट सहित जिले के सभी कस्बों में रावण दहन कार्यक्रमों के दौरान भी पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। पुलिसकर्मियों को भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पुलिस का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं और आमजन को सुरक्षित माहौल उपलब्ध करवाना तथा सभी धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण संपन्न करवाना है।

भीड़ के दौरान धक्का-मुक्की से बचें

डीएसपी रमेश चंद्र ने आमजन से अपील की कि वे दशहरा पर्व और मेले के दौरान पुलिस प्रशासन का सहयोग करें तथा सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करें। कार्यक्रम स्थल पर निर्धारित बैरिकेडिंग के पीछे ही रहें और बैरिकेडिंग पार करके आगे आने का प्रयास न करें। भीड़ के दौरान धक्का-मुक्की से बचें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि आमजन के सहयोग से ही त्योहारों और धार्मिक आयोजनों को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाया जा सकता है।

सीआरएसयू की शोधार्थी शालू रेढू का शोधपत्र अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग की पीएचडी शोधार्थी शालू रेढू ने वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उनका शोधपत्र प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पत्रिका जर्नल ऑफ ल्यूमिनेसेंस में प्रकाशित हुआ है। शोधपत्र में शालू रेढू प्रथम लेखिका हैं। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय में हो रहे उच्चस्तरीय अनुसंधान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के साथ ही युवा शोधार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी है। शालू रेढू ने अपने शोध में समैरियम आयनों से युक्त विशेष प्रकार के कांच के संरचनात्मक, तापीय और प्रकाश उत्सर्जन संबंधी गुणों का अध्ययन किया है। शोध का मुख्य उद्देश्य ऐसी सामग्री के गुणों को समझना है, जिसका उपयोग भविष्य में बेहतर प्रकाश उत्सर्जक उपकरणों और उन्नत प्रकाशीय तकनीकों के विकास में किया जा सके। शोधपत्र का शीर्षक समैरियम आयनों से युक्त स्ट्रॉन्शियम टंगस्टन बोरो टेल्यूराइट कांच के संरचनात्मक एवं प्रकाश उत्सर्जन संबंधी अध्ययन पर आधारित है। शोध के दौरान पाया गया कि 404 नैनोमीटर तरंगदैर्ध्य पर उत्तेजित करने से इस कांच में 599 नैनोमीटर तरंगदैर्ध्य पर तीव्र नारंगी लालिमा वाला प्रकाश उत्सर्जित होता है। अध्ययन में एक मोल प्रतिशत समैरियम की मात्रा वाली संरचना में प्रकाश उत्सर्जन की तीव्रता सर्वाधिक पाई गई। शोध में कांच की तापीय स्थिरताए प्रकाशीय ऊर्जा अंतराल और प्रकाश उत्सर्जन के व्यवहार का भी विश्लेषण किया गया। परिणामों से पता चला कि समैरियम आयनों की मात्रा प्रकाश की तीव्रता और रंग संबंधी विशेषताओं को प्रभावित करती है। शोध के निष्कर्ष भविष्य में ठोस अवस्था वाली प्रकाश व्यवस्था, डिस्प्ले तकनीक और अन्य प्रकाशीय एवं प्रकाश इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं। यह शोध कार्य भौतिकी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. निशा देउपा के मार्गदर्शन में पूरा किया गया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शोधार्थी और मार्गदर्शक को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शोधार्थियों की वैज्ञानिक उपलब्धियां विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



जींद। सीआरएसयू कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी के साथ मौजूद शोधार्थी शालू रेढू।

प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया

राजौंद। खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन ने सोमवार को राजकीय उच्च विद्यालय खेड़ी सिंबल तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ी राओवाली का औचक निरीक्षण किया। राजकीय उच्च विद्यालय खेड़ी सिंबल में विद्यालय की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं और सभी विद्यार्थी निर्धारित गणवेश में उपस्थित मिले। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में स्थापित आधुनिक वातानुकूलित पुस्तकालय का विशेष रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने शांत, अनुकूल और आधुनिक अध्ययन वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए सराहना की। ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालय में इस प्रकार का वातानुकूलित पुस्तकालय होना अनुकरणीय पहल है।

पानीपत स्वास्थ्य टीम ने जांचीं जींद अस्पताल में व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। पानीपत टीम के सदस्यों को बुके देते हुए स्वास्थ्य अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में 26 से 28 अक्टूबर तक नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) टीम को निरीक्षण करने के लिए आना है। इससे पहले सोमवार को पानीपत से आए चार सदस्यीय दल ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम ने खामियों को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। टीम का जींद अस्पताल पहुंचने पर पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया, एमएस डा. अरविंद व अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने स्वागत किया। टीम द्वारा इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउंटर, लैब, फार्मेसी का निरीक्षण किया। अस्पताल की नई बिल्डिंग में ओपीडी को देखा। मरीजों से भी अस्पताल की व्यस्थाओं के बारे में सवाल किए गए। एनक्वास टीम में तीन सदस्यीय चिकित्सक टीम को शामिल किया गया है जो जींद अस्पताल का निरीक्षण करेगी। टीम में दक्षेश कुमार, डा. मानवप्रीत, डा. मीना मित्तल शामिल हैं। जींद अस्पताल की बात की जाए तो यहां 100-100 बेड की दो बिल्डिंग हैं और प्रतिदिन 1800 की ओपीडी होती है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में मरीज व तीमारदार यहां आते हैं। कभी चिकित्सक, कभी सफाई तो कभी दवाइयों की कमी को लेकर मरीज व अस्पताल प्रबंधन में खींचतान चलती रहती है।

49वें युवा महोत्सव में आरकेएसडी महाविद्यालय बना ओवरऑल चैंपियन

कैथल। आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल ने सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय, लोहार माजरा, कुरुक्षेत्र में आयोजित हुए 49वें युवा महोत्सव में महाविद्यालय ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए ओवर आल चैंपियन की ट्रॉफी प्राप्त की । तीसरे दिन सभी विधाओं के समापन पर महाविद्यालय सभी पांच विधा वर्गों के आधार पर चैंपियन घोषित किया गया। महाविद्यालय की प्रबंध समिति के प्रधान अश्विनी शोरवाला एवं समस्त प्रबंधक समिति ने सभी प्राध्यापकों एवं प्रतिभागीयों को श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर बधाई दी। प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने सांस्कृतिक विधाओं के संयोजक डॉ. बिजेंद्र कुमार तथा सह-संयोजक डॉ. सुरुचि शर्मा और डॉ. राजीव शर्मा एवं समस्त सयोजक मंडल को बधाई दी एवं इस बात पर खुशी जाहिर की कि महाविद्यालय 2014 से विजेता बने रहने का रिकॉर्ड बनाए हुए है। क्षेत्रीय युवा महोत्सव में पांच प्रमुख वर्गों—संगीत, नृत्य, थिएटर, फाइन आर्ट्स एवं साहित्य की कुल 39 विधाओं में भाग लेते हुए घोषित परिणामों के आधार पर पांच विद्या वर्ग में से दो थिएटर एवं नृत्य की भी ट्रॉफी भी प्राप्त की। महाविद्यालय को 13 विधाओं में रिकमेंड, 10 विधाओं में कमेंड एवं 2 विधाओं में तृतीय घोषित किया गया।



कैथल। युवा महोत्सव में प्रस्तुति देती आरकेएसडी कालेज की टीम।

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। धरने पर बैठे ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

बकाया वेतन जारी करने, पात्र कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा आधार पर नौकरी देने और सफाई कार्य के लिए ई रिक्शा उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा की जुलाना इकाई ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर बीडीपीओ जुलाना को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द समाधान करवाने की मांग की। धरने की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान मनफूल खरेंटी ने की। जबकि संचालन ब्लॉक सचिव संजय बुआना ने किया। सीटू जिला अध्यक्ष सुरेश करसोला और पूर्व जिला अध्यक्ष ईश्वर बुआना सहित अन्य वक्ताओं ने कर्मचारियों को संबोधित किया। धरने में बड़ी संख्या में ग्रामीण सफाई कर्मचारी शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी गांवों में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं लेकिन उन्हें समय पर वेतन, सफाई कार्य के लिए आवश्यक संसाधन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध करवाने में देरी हो रही है। इससे कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि कर्मचारियों का लंबित वेतन जल्द जारी किया जाए।

पावन नवरात्र का पर्व कन्या पूजन के साथ संपन्न

राजौंद। अक्टूबर से शुरू हुए पावन नवरात्र का पर्व सोमवार को कन्या पूजन के साथ सम्पन्न हो गया। पिछले 9 दिन से उपवास रखकर मां दुर्गा के पावन चरणों में पूजा अर्चना करने वाले साधकों को कन्या पूजन के लिए कन्याओं को ढूंढने में भारी मशक्कतों का सामना करना पड़ा तथा एक-एक कंजक को कई-कई जगह मां दुर्गा का रूप धारण कर प्रसाद ग्रहण करना पड़ा। प्राचीन काल से मान्यता चली आ रही है कि जो साधक नवरात्र का व्रत कर अष्टमी के दिन कन्याओं की पूजा कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक भोजन करवाते हैं, उन पर मां भगवती अपना पूर्ण हाथ रखती है तथा उनकी पूजा अर्चना व उपवास को सफल बनाती है। कन्या पूजन के लिए हर नवरात्रे के अवसर पर कन्याओं को ढूंढते साधकों को देखा जाता है। उधर दुर्गा मंदिर में महिला संकीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन किया गया। जिसमें भारी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर मां की महिमा का गुणगान किया।



कन्या पूजन के दौरान श्रद्धालु।

वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

राजौंद। चुनाव आयोग पर वोटों में कथित हेराफेरी और केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई कलायत से कांग्रेस विधायक विकास सहारण ने की। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे और चुनाव आयोग तथा भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला भी फूंका गया। विधायक विकास सहारण ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता के नशे में लोकतांत्रिक संस्थाओं का दमन कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब जाग चुकी है और भाजपा की तानाशाही व मनमानी नहीं चलेगी। विधायक ने मुख्य चुनाव आयुक्त से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारे लगाए।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका चुनाव आयुक्त का पुतला

जुलाना। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी जींद के तत्वावधान में सोमवार को जुलाना विधानसभा क्षेत्र में 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ऋषिपाल हैबतपुर की अध्यक्षता में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका और उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन की शुरुआत भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 के पाठ के साथ हुई। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ऋषिपाल हैबतपुर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष चुनाव जरूरी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाने में विफल रहा है।



गौरव पब्लिक स्कूल के अरुण ने जीता जिला कुमार केसरी का खिताब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

कैथल के छोटूराम स्टेडियम में 17 व 18 अक्टूबर को आयोजित जिला स्तरीय कुमार केसरी कुश्ती प्रतियोगिता में गौरव पब्लिक स्कूल, रोहेड़ा के छात्र अरुण ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।अरुण ने अंडर-17 आयु वर्ग के 51 किलोग्राम भार वर्ग में दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित किया और जिला कुमार केसरी का खिताब अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य दर्शन सिंह मौण ने अरुण, कुश्ती कोच सुशील कुमार और अभिभावकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

इच्छुक विद्यार्थी 24 अक्टूबर तक पोर्टल पर कर सकते हैं आवेदन

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए अब तक आए 1841 आवेदन

परीक्षा 29 नवंबर को होगी : आनंद सहारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जिला गणित विशेषज्ञ आनंद सहारण।

राष्ट्रीय साधन सह पात्रता छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए 24 सितंबर से लेकर अब तक 1841 आवेदन आ चुके हैं। इच्छुक विद्यार्थी 24 अक्टूबर तक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं जबकि जींद जिले में 3200 आवेदन का लक्ष्य रखा गया है। परीक्षा 29 नवंबर को होगी। राष्ट्रीय साधन सह पात्रता छात्रवृत्ति योजना शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य सरकारी या अनुदान प्राप्त विद्यालयों में पढऩे वाले प्रतिभाशाली बच्चों का चयन कर उनका शैक्षिक विकास करना है। इस योजना के तहत प्रदेश में 2337 पात्र विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी को नौवीं से 12वीं कक्षा तक चार साल हर महीने एक हजार रुपये छात्रवृत्ति के रूप में मिलेंगे। इस परीक्षा में बैठने के लिए विद्यार्थी राज्य के सरकारी व अनुदान प्राप्त विद्यालयों में कक्षा आठवीं में पढ़ रहे हों। उन्होंने सातवीं कक्षा किसी सरकारी या अनुदान प्राप्त विद्यालय से पिछले सत्र में पास की हो। परीक्षार्थी के माता-पिता की सभी खाते से कुल वार्षिक आय तीन लाख 50 हजार से कम हो। इस परीक्षा में जिलास्तर पर चयनित विद्यार्थियों को जिले के कोटे के अनुसार छात्रवृत्ति दी जाएगी। परीक्षा में बीसीए वर्ग को 16 प्रतिशत, बीसी बी वर्ग को 11 प्रतिशत, एससी वर्ग को 20 प्रतिशत व दिव्यांग वर्ग को तीन प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। आरक्षित वर्ग से आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायाप्रति आनलाइन आवेदन के साथ ही अपलोड करनी होगी।

विद्यार्थी का नाम व जन्म तिथि आधार कार्ड के रिकार्ड अनुसार व आरक्षित श्रेणी प्रमाण पत्र में दी गई जानकारी विद्यालय रिकार्ड के अनुसार ही हो।

परीक्षा के होंगे दो भाग

जिला गणित विशेषज्ञ आनंद सहारण ने कहा कि राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृति योजना के लिए एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसके दो भाग होंगे। पहला भाग मानसिक योग्यता परीक्षण के आधार पर होगा। इसमें विद्यार्थियों की मानसिक योग्यता (तर्क) विश्लेषण व संश्लेषण को जांचने के लिए बहु विकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। कुल 90 प्रश्न होंगे जो कि प्रत्येक एक-एक अंक का होगा। सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे। दूसरा भाग बौद्धिक योग्यता परीक्षण के आधार पर होगा। इस भाग भी 90 प्रश्न पूछे जाएंगे। जिसमें विज्ञान के 35 प्रश्न, गणित के 20 व सामाजिक विज्ञान के 35 प्रश्न शामिल होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे।